हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024



## गुम मोबाइल खोजकर पुलिस ने धारकों को लौटाया

**राजनांदगांव।** लोगों के गुम हुए मोबाईल को तकनीकी सहायता के माध्यम से खोजकर पुलिस ने 25 नग मोबाईल को उनके धारकों को लौटाया। मोबाईल सुरक्षित मिल जाने से धारकों ने हर्ष व्यक्त कर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मोबाईल धारकों के गुम मोबाईल की तलाश हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गुम हुए 25 नग मोबाईल कीमती 375000 रुपए को तकनीकी

शेष पेज 12 पर

# महतारियों के पास खाते से आधार लिंक कराने आज अंतिम मौका

■ चूके तो नहीं मिलेगी 7 को पहली किस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले एक महीने से जारी महतारी वंदन योजना की प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण तक पहुंचने वाली है। योजना के तहत पात्र महतारियों को आगामी सात मार्च को प्रदेश सरकार की तरफ से पहली एक हजार रुपए की किस्त का भुगतान किया जाएगा। हालांकि योजना की शर्तों के अनुसार जिन महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं होगा, उनको राशि नहीं मिलेगी। यही कारण है कि पिछले एक सप्ताह से बैंकों के बाहर महतारियों की लंबी कतारें देखने को मिल रही है। इन महिलाओं के पास अपने खाते से आधार जुड़वाने का आज अंतिम मौका है।



रविवार के बाद सोमवार को भी बैंकों में लंबी लाईन देखने को मिली। इनमें अपने खाते से आधार जुड़वाने के लिए पहुंची महिलाओं के साथ ही ऐसी महिलाएं भी थी, जो अपने खाते में आधार की स्थिति पता करने पहुंची हुई थी। बड़ी संख्या में महिलाओं के बैंक आने से पूरा स्टॉफ इसी काम में व्यस्त रहा। वित्तीय वर्ष का अंतिम महीना होने के बावजूद बैंक कर्मी अन्य कामों को छोड़कर महतारियों के काम निपटाने में जोर देते दिखाई दिए।
















## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़।** अटल आवास वार्ड 3 की महिलाओं ने रेखा खोबरागड़े के नेतृत्व में गत दिनों विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की समस्याओं का उल्लेख किया गया है। उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सौंदर्यीकरण, बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग विधायक से किया है। विधायक ने जल्द ही मांग पूरा करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान चन्द्रशेखर बोरकर, पूर्व पार्षद प्रभा नागदौने, सीताबाई मेश्राम, अन्नू डोंगरे, ज्योतिका गणवीर, शीला कोटांगले, केमिला बसोड़, सविता जनबंधु, अनिता राजपूत, कंचना कोटागले, ममता गजभिए, योगेश्वरी सांगोड़े, सोनाली बंसोड़, कांता बागड़े, नेहा डाहाट सहित अन्य उपस्थित थी।

### बच्चों को खिलाया पौष्टिक आहार



**डोंगरगांव।** जनसहयोग से स्कूली बच्चों को पोषक आहार मुहैया कराने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए नेवता भोज के तहत प्राथमिक शाला सुखरी में सोमवार को खाना खिलाया गया। ग्राम के हीरेन्द्र उके ने अपने बच्चे के जन्मदिन को शाला के अन्य बच्चों के साथ मनाते हुए खीर पुड़ी खिलाया। इसी प्रकार ग्राम की संगीता रोशन धनकर ने बिस्किट, शिक्षिक सरस्वती साहू ने खजूर,ओमप्रकाश निषाद, अमृतलाल साहू ने अंगूर और गोकुल उमा साहू ने केला का वितरण किया। इस मौके पर प्रधानपाठक सपना भारतद्वाज, शिक्षिक गिरजा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में सहभागी बने।

### 5 से वार्डों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह जनवरी का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 1 से 23 मार्च तक सुबह 11.30 से 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 5 मार्च को वार्ड नं. 7 व 9 के लिए हास्पिटल परिसर शंकरपुर में, 6 मार्च को वार्ड नं.12 के लिए बाबू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा व वार्ड नं. 14 के लिए वेसलियन स्कूल, 7 मार्च को वार्ड नं. 13 के लिए सार्वजनिक मंच गौरीनगर एवं 9 मार्च को वार्ड नं. 15 के लिए बीएनसी मिल के पास राम मंदिर एवं वार्ड नं. 16 व 17 के लिए ठा.प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## पांडुका शाला भवन जर्जर, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# मंच पर लग रही बच्चों की क्लास

### एक मंच पर दो क्लास का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम पांडुका की शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतर गई है। यहां के प्राथमिक शाला की कक्षाएं मंच पर लगाकर बच्चों को पढ़ाया जाता है। वजह है कि शाला भवन इस कदर जर्जर हो गया है वहां कक्षा लगाना कभी भी खतरनाक हो सकता है। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कक्षाओं को कई दिनों से मंच पर लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में संचालित प्राथमिक शाला का भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। भवन की हालत यहां तक आ पहुंची है कि छत का प्लास्टर निकल जाने से अंदर की छड़े बाहर झांकने लगी है। खिड़की दरवाजों का भी बुरा हाल है। यहां मुत्रालय भी बना है जिसकी स्थिति यह है कि उसके तीन तरफ बोरा कपड़े से कव्हर किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि भवन के जर्जर होने के बाद संभावित खतरे को देखते हुए शिक्षा विभाग सहित अन्य से कई बार नए भवन निर्माण की मांग की गई किन्तु अब तक निर्माण की पहल नहीं की गई है। अब स्थिति यह आ खड़ी हुई है कि मंच पर बच्चों की क्लास लगाना पड़ रहा है। मंच पर एक साथ दो कक्षा के बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जाता है जिससे यहां होने वाली पढ़ाई का सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है।





#### नवीन भवन की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि भवन की स्थिति से शिक्षा विभाग सहित जनपद पंचायत, जिला पंचायत के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है किन्तु अब तक नए भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली है। ग्रामीणों ने प्रशासन के उपेक्षा पूर्ण रवैए की निंदा करते हुए शीघ्र नए भवन के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की है।



# 18 सौ हितग्राहियों को मिला नया राशन कार्ड

### 256 ने नहीं कराया केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत के 15 वार्डों में 32 सौ एपीएल, बीपीएल ,अंत्योदय राशन कार्ड धारी है।वर्तमान में सभी राशन कार्ड धारियो का केवायसी कर नवीन राशन कार्डों का वितरण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर के 32 सौ राशनकार्ड धारियों में से 2944 ने केवायसी एवं ऑनलाइन नवीनीकरण कराया है। इन लोगों का कार्ड बन कर नगर पंचायत में आ चुका है। इन राशनकार्ड को विभिन्न वार्डों में कैम्प लगाकर वितरित किया जा रहा है। बीते दिन निकाय के सभागार में भी राशन कार्डो का वितरण किया गया है। अब तक लगभग 18 सौ राशन कार्ड का वितरण किया जा चुका है जिसमे 1239 एपीएल, 256 अंत्योदय एवं 71 सामान्य कॉर्ड शामिल हैं।

# मुंदगांव में जल संकट गहराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

गर्मी के आगमन के पहले ही अंचल के ग्राम मुंदगाव में पानी की समस्या गहराने लगी है। ग्राम में हर वर्ष मार्च से जुलाई तक पानी की समस्या रहती है इसके बाद भी प्रशासन द्वारा निदान के लिए अब तक स्थाई व्यवस्था नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार मार्च माह में गांव के सभी बोर सूखने लगे है। वाटर लेवल नीचे जाने की वजह से अन्य जल स्त्रोतों का पानी तेजी से कम हो रहा है और ग्रामीणों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते साल नल जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण किया गया है किन्तु ठेकेदार ने अब तक गांव की पाइप लाइन में कनेक्ट नहीं किया है और न पंप लगाया गया है। काम पूरा करने के लिए ठेकेदार को कई बार बोलने के बाद भी वह ध्यान नहीं दे रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भी अपेक्षित ध्यान नहीं दे रहा है।

#### हड़ताल के मूड में ग्रामीण

लोक स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और हर साल की परेशानी से बेहाल हो चुके ग्रामीण अब भूख हड़ताल करने की तैयारी में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या के निदान की दिशा में अपेक्षित कदम उठाने की मांग की है।

# सांसद पांडेय का हुआ जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने मौजूदा सांसद संतोष पांडे को पुनः प्रत्याशी घोषित किया है, जिसे लेकर नगर के भाजपाइयो में खूब उत्साह देखने को मिल रहा है।

प्रत्याशी बनने के बाद श्री पांडे के प्रथम आगमन पर 4 मार्च को फूलमाला और बाजे गाजे के साथ भाजपाईयों ने तिरंगा चौक में स्वागत किया।

इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू साथ में थे। स्वागत के बाद सांसद श्री पांडे ने कुछ दूर तक कार्यकर्ताओ के साथ पैदल सफर किया और फिर कवर्धा रवाना हो गए।

इस दौरान खम्हन ताम्रकर, मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, राकेश ताम्रकर, संजय अग्रवाल, हसन खान, नारायण शर्मा, विक्की अग्रवाल, राकेश जायसवाल, श्यामपाल ताम्रकर, राकेश ठाकुर, पुष्पेंद्र देवांगन, टुम्मन साहू, भूपेंद्र पटेल, दीना जंघेल, दूजे वर्मा, लीला साहू, भीखु हिरवानी, श्रवण जंघेल, धर्मेंद्र पटेल, दिनेश भट्ट, मंगल जैन, बोधराज देवांगन, पंकज ललवानी, जित्तू बघेल, कमलेश यादव, कृष्णा मानिकपुरी, योगेंद्र कौशिक, टीकम वैष्णव, जितेंद्र पटेल, उमा चौबे, अंजली देवांगन, मनीषा चतुर्वेदी, आशा कुर्रे, निजाम सिंह मंडावी, संतोष नामदेव सहित बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रत्याशी बनने के बाद देवी दर्शन करने पहुंचे सांसद पांडे

**डोंगरगढ़।** सांसद संतोष पांडे ने प्रत्याशी बनाने के बाद डोंगरगढ़ पहुंचकर मां बमलेश्वरी के दर्शन किया। उनके पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया।



राजनांदगांव से डोंगरगढ़ पहुंचे श्री पांडे का मार्ग के हर गांव चौक में उनका स्वागत हुआ। उन्होंने ऊपर मंदिर दर्शन में पूजा अर्चना करने के बाद में नीचे मंदिर में देवी दर्शन किया। इस दौरान भरत वर्मा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंह मंगे, परविंदर सिंह मोंटी, अमित जैन, संतु राव अन्ना, प्रदीप बाग, ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, सत्यप्रकाश मिश्रा, विधु खांडेकर, वीरेंद्र सोनी, ज्योति बड़वाईक, रामकुमार डड्सेना, पप्पू नामदेव, कन्हैया वर्मा, सुमित मिश्रा, विजेंद्र ठाकुर, विनय बंसल, कमलेश काले, कैलाश सोनवानी, द्वारका प्रसाद शर्मा, गौतम चोपड़ा, महेंद्र त्रिपाठी, गिरीश साहू, मनीष चक्रवर्ती सहित अन्य उपस्थित थे।

# कुहीकला में लगा चलित थाना, पुलिस ने किया ग्रामीणों को जागरूक

- पुलिस ने ग्रामीणों को दी उपयोगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गैंदाटोला क्षेत्र के ग्राम कुहीकला में चलित थाना लगाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा ग्रामीणों को सायबर ठगी सहित अन्य विषयों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में 27 जनवरी को थाना गैंदाटोला क्षेत्र के ग्राम कुहीकला में थाना स्टाफ के साथ ग्राम पहुंचकर चलित थाना लगाया गया। इस दौरान पुलिस ने उपस्थित जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों से आपस में बातचीत कर उनसे समस्या पूछा, जिस पर ग्राम में कोई बड़ी समस्या नहीं होना बताया गया।

#### नशामुक्त के लिए किया जागरूक

चलित थाना के दौरान वर्तमान में मोबाईल फोन के माध्यम से हो रहे बैंक फ्रॉड, ऑनलाइन फ्रॉड, सायबर ठगी, एटीएम ठगी जैसे अपराध एवं अज्ञात फोन काल से बचने, यातायात नियम का पालन, वाहन चलाने के समय हेलमेट पहनने के संबंध में बताया गया। साथ ही मोबाईल पर किसी भी धर्म-जाति आदि के संबंध में गलत बातें वायरल न करने आदि के संबंध में समझाईश दिया गया। नवा बिहान कार्यक्रम के तहत उपस्थित ग्रामीणजनों को नशामुक्त के लिए लोगों को जागरूक होने व नशे से दूर रहने, नशे की लत को छोड़ने समझाईश देते महिला एवं नाबालिग बच्चों की सुरक्षा हेतु सजग रहने तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणजनों द्वारा पुलिस से किसी प्रकार से कोई शिकायत नहीं होना एवं पुलिस द्वारा आयोजित चलित थाना व इस दौरान पुलिस द्वारा अपराध के संबंध में दी गई जानकारी के बारे में प्रशंसा की गई। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरपंच, पंचगण, ग्राम पटेल, महिला समूह एवं करीबन 30-40 ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार एवं अन्य सामग्री का मानक दर निर्धारित

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार एवं अन्य सामग्री के मानक दर निर्धारण के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा दिन-प्रतिदिन विभिन्न मदों में प्रचार-प्रसार एवं अन्य आवश्यक सामग्री पर व्यय के लिए दर निर्धारित की गई। दैनिक व्यय लेखा पुस्तिका में प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग में लाए आवश्यक सामग्री का व्यय अंकित किया जाएगा। स्थानीय तौर पर प्रचलित बाजार दर के आधार पर चुनावी सामग्री के दर निर्धारित किए जाने के लिए राजनीतिक दलों के पदाधिकारी द्वारा सहमति प्रदान की गई है।

# स्वर्णकार समाज के संगठन सचिव बने मनीष

**डोंगरगढ़।** स्वर्णकार समाज ने गत दिनों नए अध्यक्ष का चयन किया। सौमित्र सोनी को सर्व सहमति से नया अध्यक्ष चुना गया।





स्वर्णकार समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौमित्र सोनी ने कार्यकारिणी का गठन एवं विस्तार किया है। कार्यकारिणी में संगठन सचिव मनीष कुमार सोनी, सहसचिव अविनाश सोनी और कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी को बनाया गया है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष लेखराम सोनी, रत्नेश कुमार कन्नौजे, मनोज सोनी, राधेश्याम सोनी, दशरथ सोनी, सह कोषाध्यक्ष आनंद सोनी को बनाया गया है। इसी प्रकार मंत्री आलोक सोनी, चेतन सोनी, सौरभ सोनी, आदित्य सोनी को चुना गया है। अंकेक्षक के पद पर समाज के वरिष्ठ राजेन्द्र सोनी चुने गए। मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम प्रभारी व्यापारी विरेन्द्र सोनी, सोशल मीडिया संचालन का प्रभार सुनील सोनी, दीपक सोनी को सौंपा गया है।

#### भवन निर्माण पर चर्चा

समाज की पहली बैठक में पदाधिकारियों ने समाज को मिली जमीन के समतलीकरण एवं भवन निर्माण पर चर्चा की। समाज को एकजुट कर सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इस बैठक में समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि महोत्सव 6 से, तैयारी तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन रखा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव के प्रथम आयोजन को लेकर डोंगरगढ़ एवं ग्रामीण अंचल में उत्साह का वातावरण है।

तीन दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन 6 मार्च को गोंदिया के सुप्रसिद्ध गायक अरूण राकेश का जगराता एवं जबलपुर के कलाकारों द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार 7 मार्च को सुप्रसिद्ध जस गायक दुकालू यादव जसगीत एवं भजन की प्रस्तुति देंगे। आगामी 8 मार्च को ध लोक गायिका अलका चंद्राकर भजनों एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगी। इस दौरान झूला एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु अन्य व्यवस्था की जा रही है।

महाशिवरात्रि महोत्सव के आयोजन की तैयारी के संबंध में एसडीएम गिरीश रामटेके ने ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों और अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर मेला ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, मंत्री महेंद्र परिहार, सह मंत्री बबलू शांडिल्य, पिताम्बर स्वामी, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, अजय ठाकुर सहित अधिकारी उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

# सांसद ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी बनने के बाद सोमवार को ग्राम पंचायत सड़क अतरिया में सांसद संतोष पांड़े का आगमन हुआ। ग्रामीणों ने गर्मजोशी से श्री पांड़े का स्वागत किया। सांसद पांड़े ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर सांसद ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं का कल्याण करने वाली पार्टी है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खातें में पहली किस्त जमा हो जाएगी।

वही आगामी 12 मार्च को धान की अंतर राशि किसानों के खातें में जमा हो जाएगी। इस मौके पर सांसद पांड़े ने पांच लाख की लागत से बनने वाले



सीसी रोड़ का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, खम्हन ताम्रकार, नेतराम जंघेल, लोमश वैष्णव, राधेमोहन वैष्णव, महेश जैन, अश्वनी वैष्णव, रतीराम जंघेल, गजराज जंघेल, मनोज जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, बसंत जंघेल आदि उपस्थित थे।

# कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक व एल्युमिनि बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** शा.दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. पीबी टॉक के निर्देशन में महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में शिक्षक-अभिभावक बैठक एवं एल्युमिनि बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एमएससी द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष डॉ. बीपी टांक के स्वागत उद्बोधन से हुआ। प्राचार्य डॉ. टांडेकर ने अभिभावकों को महाविद्यालय के विभिन्न संसाधनों जैसे ही इंग्लिश लैंग्वेज लैब, कम्प्यूटर लैब, रीडिंग रूम आदि की जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों की कुछ विशेषताएं एवं उनकी समस्याओं के विषय में अवगत कराया गया। प्राचार्य द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। एल्युमिनि बैठक का आयोजन ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. टांक ने बताया कि भौतिकी के विद्यार्थी विभिन्न पदों सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता, सिविल सर्विसेस तथा विभिन्न संस्थानों आदि में साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत हैं, जिस पर विभाग को गर्व है। कार्यक्रम में भौतिक शास्त्र विभाग के भूतपूर्व छात्र-छात्राएं शामिल होकर अपने-अपने जीवन अनुभवों को साझा किया। भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय के एलुमिनि एसोसिएसन की सदस्यता ग्रहण कर रजिस्ट्रेशन कराया। भौतिक रूप से शामिल होने के साथ कुछ भूतपूर्व विद्यार्थी ऑनलाइन शामिल हुए।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### ज्ञान प्रोत्साहन योजना के लिए करूणा चयनित



**डोंगरगढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा करुणा चनाप का चयन मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के लिए हुआ है। योजना के तहत दसवीं,बारहवीं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के बच्चो को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। करूणा के चयन पर प्राचार्य वायएस राव एवं शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

### बल्देवपुर में जोन स्तरीय बहुभाषा प्रशिक्षण



**खैरागढ़।** बहुभाषा के महत्व को लेकर ब्लाक के बल्देवपुर में जोन स्तरीय प्रशिक्षण हुआ। राज्य समग्र शिक्षा की आदेशानुसार व जिला परियोजना समन्वयक सतीश ब्यौहारे, डीईओ एफआर कोसरिया, सहायक संचालक रश्मि खरे, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान के निर्देश में एफएलएन अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में प्राथमिक शालाओं के आठ संकुल से 43 प्रशिक्षणार्थी व संकुल समन्वयक शामिल हुए। राज्य स्त्रोत व्यक्ति के रूप में जिला प्रशिक्षक रामलाल साहू ने बहुभाषा का महत्व कैसे और किस कक्षा में करना है उसका बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला। संकुल समवंयक निमेश सिंह ने प्रशिक्षण के शामिल सभी शिक्षकों को बहुभाषा का अपने अपने स्कूलों में प्रयोग करने कहा। इस दौरान धृतेंद् सिंह, निखिल सिंह, भानू प्रताप मेश्राम, प्रदीप कोर्राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रीमद भागवत कथा 7 तक

**बांधाबाजार।** दैहान में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम आगामी 7 मार्च तक चलेगा। शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा के वाचक पं. केशव शर्मा खामभाट है।

## निधन

### अजय पारख



**राजनांदगांव।** धर्म निष्ठ श्रावक अजय पारख (लालू) सुपुत्र स्व. शिवचंद पारख का हृदयगति रूकने से 3 मार्च को रात्रि लगभग 10.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। वह खूबचंद व गौतमचंद पारख के लघु भ्राता एवं केतन पारख के पिता थे। शवयात्रा 4 मार्च को निवास स्थान लखोली रोड से दोपहर 2 बजे निकाली गई।

---

### निर्धारित दवाईयों के अलावा अन्य ब्रांड की दवाईयां भी बेची जा रही थी

# जनौषधि में ब्रांडेड और प्रतिबंधित दवाई अधिकारियों की मौजूदगी में हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नियम विपरीत जाकर दवाई बेचने को लेकर मेडिकल संचालकों की आपत्ति पर बीते चार दिनों से सील पीएम जनौषधि सेंटर को अधिकारियों की मौजूदगी में खोलकर जांच की गई। पीएम भारतीय जनौषधि परियोजना के प्रदेश नोडल अनीश वोडेटलवार, एडीआई संजय झाड़ेकर, डीआई प्रियंका ध्रुव और बीएमओ डॉ विवेक बिसेन सहित आपत्तिकर्ताओं की मौजूदगी में सीलबंदी हटाकर नए सिरे से जांच की गई। इस दौरान अधिकारियों ने पाया कि दुकान संचालक आशीष वर्मा द्वारा जनौषधि के लिए निर्धारित दवाईयों के अलावा अन्य ब्रांड की एथिकल दवाईयां भी बेची जा रही है। अलग-अलग बीमारियों के लिए मिलने वाली ब्रांडेड दवाईयों की सूची बनाकर उन्होंने संचालक को सात दिनों के भीतर संबंध में जवाब देने कहा है। लगभग दो से तीन घंटे चली जांच में अधिकारियों को जनौषधि केंद्र मे फाक्सकॉल टेबलेट, एनजी फिट फोरजी सिंरप, ग्लिमीकान एमवन और एमटू, ट्राइनैक जैल, गडकेयर सचेट, मल्टी फिट टेबलेट, फेब्रिनिल एंपुल, जियोरेड एक्सटीएम सचेट जैसी महंगी ब्रांडेड दवाईयों के जखीरे के अलावा आयुर्वेदिक दवाईयां नीम करेला जूस सहित नारकोटिक एक्ट के तहत बिना डॉक्टर की पर्ची के बेचने वाली प्रतिबंधित दवाई क्लोनाजेपाम का डिब्बा भी मिला है। मामले को लेकर उन्होंने आपत्तिकर्ताओं के सामने दुकान संचालक को फटकारा और परियोजना के नियम विपरीत जाकर काम करने के लिए कारवाई का भरोसा दिया।



#### बिल पेश करने कहा गया है

जनौषधि केंद्र मे मिली ब्रांडेड दवाईयों को लेकर परचेस बिल या चालान निर्धारित समय पर पेश करने कहा गया है। - **संजय झाड़ेकर,** एडीआई

#### जवाब मांगा गया है

परियोजना के अनुबंध तहत निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर ब्रांडेड दवाईयां बेचने की शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाई गई है। नोटिस जारी कर फार्मासिस्ट से जवाब मांगा गया है उसके बाद नियमानुसार कारवाई की जाएगी। - **अनीश वोडेटेलवार,** नोडल अधिकारी छग जनौषधि परियोजना

#### कार्रवाई नहीं होने पर दी बंद की चेतावनी

चेतावनी के बाद भी सुधार नही करने से व्यवसाय प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए शहर के मेडिकल संचालकों ने बुधवार 28 फरवरी को परिसर स्थित जनौषधि केंद्र में धावा बोला और रंगे हाथ ब्रांडेड मेडिकल दवाईयों के कार्टून खाली होते देखकर उन्होंने बीएमओ डॉ विवेक बिसेन को सूचना दी जिसके बाद मौके पर हालात को काबू पाने बीएमओ ने पहले दवाईयों की उपलब्धता को लेकर सवाल जवाब किया, संचालक से परचेस बिल और चालान मांगा जिसके बाद फौरी कारवाई करते हुए पंचनामा तैयार कर सीलबंदी की कारवाई की थी। जिसके बाद से जनौषधि केंद्र मे जॉच को लेकर अन्य मेडिकल संचालक अड़ गए थे। निरीक्षण बाद उन्होंने अधिकारियों से एक स्वर में कहा कि नियमों का उल्लंघन करने का प्रमाण मिलने के बाद भी केंद्र संचालक को अगर परिसर से नही हटाया गया तो दस दिन बाद वो जिले भर की दुकानों में ताला लगाकार विरोध प्रदर्शन करेंगे। दवा विक्रेता संघ के मनोज मुणोत, नवीन जैन, दिनेश ओसवाल, विकास फोटानी, युगेश सिंहा, लक्ष्मीनारायण सोनी, राहुल छाजेड़, आयुष सिंह, मनोज जैन, लक्की यदु सहित दर्जनभर से ज्यादा मेडिकल संचालकों ने सांसद संतोष पांडेय और सीएचएमओ को पत्र लिखकर सिविल अस्पताल परिसर में संचालित जनौषधि केंद्र संचालक की शिकायत करते हुए कहा कि सालों से उक्त व्यक्ति द्वारा केंद्र में जेनरिक दवाईयों से ज्यादा ब्रांडेड दवाईयां बेची जा रही है। परियोजना के अनुबंध अनुसार पीएमबीआई से सप्लाई होने वाली दवाई ही बेचना है, लेकिन केंद्र संचालक कई बार चेतावनी के बाद भी अपनी आदत से बाज नही आ रहा है इसलिए उक्त फार्मासिस्ट का अनुबंध खत्म कर अस्पताल परिसर मे नया फार्मासिस्ट नियुक्त कर दुकान का नियमानुसार संचालन कराया जाए।

---

# विश्व श्रवण दिवस पखवाड़ा 10 तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीआरसी राजनांदगांव एवं एनपीपीसीडी कार्यक्रम जिला चिकित्सालय राजनांदगांव द्वारा विश्व श्रवण दिवस पखवाड़ा के तहत 3 से 10 मार्च तक जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आकलन शिविर व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जागरूकता रैली में श्रवण बाधित, सुनने में होने वाली समस्या की रोकथाम एवं निदान के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। जरूरतमंदों को एडिप व एलिम्को योजना तहत निःशुल्क कान का मशीन व श्रवण यंत्र एवं मानसिक दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क टीएलएम किट का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़, सीएस डॉ. यूएस चंद्रवंशी, एमएस ईएनटी नोडल ऑफिसर एनपीपीसीडी प्रोग्राम डॉ. बीएल तुलावी, निदेशक सीआरसी राजनांदगांव स्मिता महोबिया, तृषा सिन्हा, लक्ष्मी साहू, थॉमेश, आशीष परासर, गजेंद्र कुमार साहू, पूनम, मेघा दूबे, निधि राजन, स्नेहा शर्मा, चुनमुन मोहंती, श्रीमती श्वेता, भावना पाली, पुनीत साहू, नीरज, भूमिका, विक्रम एलिम्को, गजेन्द्र कुमार साहू सहित अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, पालक एवं विशेष आवासीय आस्था स्कूल के विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# कनफ्लुएंस कॉलेज में आत्म सुरक्षा का आयोजन

- विद्यार्थियों ने अनुभवी प्रशिक्षणकर्ताओं की उपस्थिति में ली ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कनफ्लुएंस कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित जिला पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कुन्फू, कराटे, मार्शल आट्र्स प्रशिक्षण निःशुल्क रखा गया। महाविद्यालय के बालक-बालिकाओं ने पुलिस विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला में विभाग के अनुभवी प्रशिक्षणकर्ताओं की उपस्थिति में ट्रेनिंग ली।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में एएसपी सुरेशा चौबे का स्वागत करते कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से छात्रों में आत्मविश्वास विकसित होता है, क्योंकि वर्तमान परिस्थिति में महिलाओं को अपनी सुरक्षा की अत्याधिक चिंता होती है।परिवार के लोग भी बच्चियों के प्रति चिंतित होते हैं, जब भी स्कूल या कॉलेज जाते हैं। इस दृष्टि से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षा के प्रति आत्मनिर्भर बनाएगा।



#### साईबर अपराध की दी जानकारी

मुख्य अतिथि एएसपी सुरेशा चौबे ने अभिव्यक्ति ऐप, साइबर अपराध से संबंधित जानकारी के साथ-साथ दो दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कुन्फू, कराटे मार्शल आर्टस प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। जिससे असामाजिक तत्वों से बच्चियां अपनी सुरक्षा कर पाएंगे। विपरीत एवं विकट स्थिति में इस प्रकार के लोगों से बचा पाएंगे, अपनी समस्या को दूर भगा पाएंगे। यदि विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाता है तो वो भी और समाज के अन्य लोग सुरछित होंगे। जिससे भयमुक्त वातावरण तथा आत्मविश्वास भी अधिक होगा,बालिकाएं अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकेंगे। कुन्फू, कराटे, मार्शल आर्ट के प्रशिक्षण शिविर का संचालन करते महिला प्रकोष्ठ के प्रभारी ने कहा कि महाविद्यालय एवं विद्यालय में ऐसा पहल करने से विद्यार्थियों में खासकर छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और समाज में बुराइयां घटेगी।

---

# गर्मी के मौसम को देखते हुए पंपों में कैपेसिटर लगाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- पंपों में क्षमतानुरूप कैपेसिटर नहीं लगाने से वोल्टेज ड्राप होता है

गर्मी के मौसम को देखते हुए सीएसपीडीसीएल ने कृषि पंप उपभोक्ताओं से अपने बिजली कनेक्शन में क्षमतानुरूप कैपेसिटर लगाने की अपील की है। कार्यपालन अभियंता छगन शर्मा ने क्षेत्र के सभी विभागीय वितरण केंद्र पांडादाह, मुढ़ीपार, अमलीपारा, जालबांधा, बाजार अतरिया, बुंदेली, उदयपुर, धोधा, पैलीमेटा, साल्हेवारा, खैरागढ़ शहर व ग्रामीण, छुईखदान और गंडई अंतर्गत आने वाले किसानों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में धान, मक्का और चने की फसल मे सिंचाई के लिए एक साथ कृषि पंप चलाने से लोड बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह समस्या उन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा है जहां कृषि पंपों का घनत्व बहुत है। हर पंप का मोटर इंडक्टिव क्वाइल से बना लोड है, एक साथ पंप चलाने से पूरे सिस्टम का लोड अंसतुलित होकर इंडिक्टिव हो जाता है और बिजली प्रणाली का पॉवर फैक्टर कम हो जाता है ऐसी परिस्थिति मे ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है और वोल्टेज कम होना शुरू हो जाता है। छगन शर्मा ने कहा कि पंपो मे क्षमतानुरूप कैपेसिटर नही लगाने से वोल्टेज ड्राप होता है।

#### समस्या काफी हद तक हल हो जाती है

पानी निकालने की क्षमता प्रभावित होती है और पंप के जलने का खतरा बना रहता है। छगन शर्मा ने कहा कि इस स्थिति मे ड्रिस्टीब्यूशन ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ते जाता है। ट्रांसफार्मर से 11 केवी, फिर 33/11 केवी उपकेंद्रो पर और 33 केवी लाइनों के साथ साथ पूरे ट्रांसमिशन सिस्टम पर लोड बढ़ता है। कार्यपालन अभियंता छगन शर्मा ने कहा कि इस स्थिति से बचने प्रदेश शासन के दिशा निर्देश अनुसार हर किसान को पंप पर कैपेसिटर लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कैपेसिटर लगाने से लो वोल्टेज की समस्या, पंप जलने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। प्रमाणित तकनीक होने के कारण इससे समस्या काफी हद तक हल हो जाती है।

---

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** खुज्जी क्षेत्र के ग्राम आमाटोला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू थी। मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जनपद सदस्य योग माया साहू, महामंत्री दिलीप वर्मा, महामंत्री भारत भूषण राजपूत, देवनारायण कुंभकार, पूर्व महामंत्री मदन साहू, केशव उमरिया, विष्णु कराडे, मेहर साहू, मन्नू कराडे, श्याम दास, कुवर साहू, सुकालू, रामपाल आदि मौजूद रहे।



---

### राशि के अभाव में बुनियादी कामकाज प्रभावित

# पंद्रहवें वित्त आयोग की राशि अटकी कलेक्टर से सरपंचों ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लाक अंतर्गत आने वाले 107 पंचायतों के सरपंचों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को ज्ञापन सौंपकर पंद्रहवे वित्त की बची हुई राशि दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राशि के अभाव मे गांवों में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का काम अटक गया है वहीं मनरेगा के तहत हुए कामों का भुगतान भी नहीं हो रहा है।

सरपंच संघ अध्यक्ष टीकमराम साहू ने बताया कि 15 वें वित्त की दो किश्तें रोक दी गई है। राशि नहीं आने की वजह से गांवों में नाली निर्माण, नाली मरम्मत, सफाई, पेयजल जैसे छोटे-छोटे, लेकिन जनता की बुनियादी सुविधाओं को लेकर निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा हैं। यही नहीं मनरेगा के तहत गांवों में जो काम हुआ हैं, उसका भुगतान भी लंबित है। दुकानदार सरपंचों पर भुगतान का दबाव बना रहे हैं। जिसकी वजह से ब्लाक के सरपंच अनावश्यक रूप से परेशान है। सरपंचों ने कलेक्टर से जल्द 15 वें वित्त की राशि ग्राम पंचायतों के खातों में भेजने का अनुरोध किया है।

#### अनुमोदन बाद खर्च का प्रावधान

पंचायतों को गांवों में मूलभूत और विकास के कार्य कराने के लिए वित्त आयोग सीधे पंचायत के खाते में राशि जमा करता है जिसे पंचायत ग्रामसभा के अनुमोदन बाद सुविधा और विकास के लिए खर्च करती है। इस राशि से ही पेयजल के लिए तालाब निर्माण व मरम्मत, नवीन कूप निर्माण, वाटर हारवेंस्टिंग, सोख्ता गड्ढा, पेयजल कूप गहरीकरण व मरम्मत, पेयजल के लिए भू-स्तर टंकी का निर्माण, पेयजल पाइप लाइन का विस्तार, घाट की पुताई, साफ-सफाई, कचरा संग्रहण केंद्र स्थापित, चेक डेम का सुधार गांव में आबादी क्षेत्र को जोड़ने के लिए सीसी रोड, नाली, यात्री प्रतिक्षालय, पेयजल व्यवस्था, पुलिया, रपटा, पुस्तकालय भवन, कांजी हाउस, स्ट्रीट लाइट के लिए एलइडी, बाउंड्रीवाल का निर्माण-सामुद्रायिक भवन, पंचायत भवन, श्मशान निर्माण सहित मरम्मत काम किया जाता हैं लिहाजा राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण गांवों में जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

---

# स्वस्थ रहने भोजन को पहचानना जरूरी

### पंचगव्य चिकित्सा एवं गौ विज्ञान पर विशेष व्याख्यान व मार्गदर्शन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर असोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तृतीय पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय सभागृह रायपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गव्यसिद्ध आचार्य एवं गुरूकुलपति पंचगव्य विद्यापीठम् कांचीपुरम् तमिलनाडु डॉ. निरंजन वर्मा द्वारा पंचगव्य चिकित्सा एवं गौ विज्ञान पर विशेष व्याख्यान व मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने कहा कि गाय की सुरक्षा, सरंचना व संवर्धन के लिए गाय से आर्थिक स्वावलंबी व्यवस्था पर कार्य करने की आवश्यकता है। गाय का महत्व चिकित्सा, कृषि, शिक्षा सहित अन्य सभी क्षेत्रों में है। आज पूरा विश्व विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त है और सभी को चिकित्सा की आवश्यकता है। देश के बजट का एक बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सुविधाओं में खर्च हो रहा है। गाय को स्वास्थ्य से जोड़ दिया जाए तो देश के नागरिक स्वस्थ रहेंगे और गाय का भी संरक्षण व संवर्धन होगा। उन्होंने पंचगव्य चिकित्सा से स्वस्थ विभिन्न मरीजों के उदाहरण प्रस्तुत किए। डॉ. वर्मा ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए शरीर को जानने और भोजन को पहचानने की आवश्यकता है। दुनिया में सबसे सरल विज्ञान चिकित्सा शास्त्र है। महर्षि वाग्भट्ट ने घर को स्वस्थ्य रखने तीन सूत्र दिए हैं। जिसमें घर के बाहर गाय, आंगन में तुलसी और घर के एक कोने में दुनिया का सबसे बेहतर चिकित्सालय रसोई तीन सुरक्षा चक्र है, जब तक भारत के घरों में तीनों सुरक्षा चक्र थे, भारत दुनिया का सबसे स्वस्थ देश था, लेकिन आज लगभग पूरा देश बीमार है और आज फिर से तीनों सुरक्षा चक्र को स्थापित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर तिब्बती सांसद वेन. गेशे नगावा गांगरी एवं तेनजिन्न चोएजिन्न, किसान नेता कृपाराम साहू, अंजू सिंह, सुशांत विश्वास, मुकेश पिल्ले, नरेन्द्र गुप्ता, अवधेश कुमार, प्रमोद कश्यप, मुकेश स्वर्णकार, कमलेश ढीवर, डिलेश्वर साहू, पुरूषोत्तम सिंह राजपूत सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रभात कुमार बैस द्वारा किया गया।



#### सूर्य में मिलने वाले सभी गुण गाय में है

डॉ. वर्मा ने कहा कि गाय और गाय से प्राप्त गव्य चंद्रमा की तरह सरल, सुंदर और शीतल है तथा सूर्य में मिलने वाले सभी गुण गाय में होते हैं। उन्होंने गाय में पाई जाने वाली सूर्य केतु नाड़ी के कार्य, महत्व एवं उपयोगिता की विस्तार से जानकारी दी। गाय के गोबर से पानी, घी से पर्यावरण के शुद्धिकरण के प्रयोग के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पंचमहाभूतों का संतुलन बिगडने से बीमारियां होती है और इसका संतुलन पंचगव्य से संभव है। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। प्रदेश प्रवक्ता भाजपा गौरीशंकर श्रीवास ने कहा कि हमारा शरीर पंचतत्व से निर्मित है और हमें पंचगव्य के महत्व को जानने की आवश्यकता है। संरक्षक राधेश्याम गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं पंचगव्य चिकित्सा परामर्श शिविरका आयोजन हुआ।

---

### जन्मदिन पर पुस्तकालय भेंट



**राजनांदगांव।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरिया प्राचार्य धनेश सिन्हा ने अपने जन्मदिन पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबुद्धजनों के शिक्षा के सतत विकास के लिए अपने घर में स्थित पुस्तकालय को समाजसेवा हेतु निःशुल्क खोल दिया। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा मुकेश सिन्हा ने किया। आभार प्रदर्शन व धन्यवाद ज्ञापन पुष्पा धनेश सिन्हा ने किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत जालबांधा**
**विखं खैरागढ़, जिला- केसीजी**

क्रमांक /02/ ग्राम पंचायत/2024 दिनांक 04/03/2024

**आम बाजार/ वाहन पार्किंग नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जालबांधा में विखं खैरागढ़ केसीजी के अंतर्गत आम बाजार साप्ताहिक/ वाहन पार्किंग (स्टैण्ड) की नीलामी वर्ष 2024-25 के लिए दिनांक 11.03.2024, समय सुबह 11 बजे दिन में ग्राम पंचायत कार्यालय भवन जालबांधा के सभा कक्ष में रखी गई है। जिसमें इच्छुक व्यक्ति नीलामी में शर्तों के अधीन भाग ले सकते है। नीलामी की शर्तें एवं नियम कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

1. आम बाजार साप्ताहिक - अमानत राशि 25,000/-रूपए
2. वाहन पार्किंग (स्टैंड) - अमानत राशि 10,000/- रूपए

सरपंच सचिव

ग्राम पंचायत जालबांधा, विकासखंड खैरागढ़ केसीजी

## सार समाचार

### महाशिवरात्रि पर गौरीनगर में भंडारा

**राजनांदगांव।** आगामी आठ मार्च को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गौरीनगर स्थित शीतला माता मंदिर में भी व्यापक तैयारियां की जा रही है। महाकाल सेना से जुड़े शैलेंद्र नागवंशी ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर शीतला माता मंदिर में स्थापित शिवजी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। उन्होंने बताया कि अलसुबह पूजन के बाद दोपहर को शिवभक्तों के लिए भंडारा का आयोजन भी महाकाल सेना द्वारा आयोजित किया गया है।

### निगम में अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली

**राजनांदगांव।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर कर दाताओं की सुविधा हेतु कर की राशि जमा करने समस्त अवकाश के दिनों में टाउन हाल सभागृह में राजस्व कार्यालय खुला रहेगा। राजस्व कार्यालय में राजस्व निरीक्षक, सभी राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहेंगे, जहां करों की वसूली की जाएगी। कर का भुगतान समय-सीमा में नहीं करने पर अधिभार सहित बकाया कर की वसूली की जाएगी। साथ ही बड़े बकायेदारों का नल विच्छेदन व कुर्की की कार्रवाई की जाएगी तथा बकाया दुकानदारों की दुकानें सील की जाएगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल को निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते कार्यालय एवं घर-घर जाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली करना सुनिश्चित करें। निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के टाउन हाल सभागृह राजस्व विभाग में चालू रखे, ताकि करदाता अपने बकाया करों का भुगतान कर सके। उन्होंने करदाताओं से अपील करते कहा कि अपने बकाया कर, संपत्तिकर, जलकर समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर अधिभार एवं आर्थिक भार से बचे।

### जुआ खेलते चार पकड़ाए

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने मोतीतालाब किनारे जुआ खेल रहे चार आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से नगदी रकम बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 3 मार्च को रात्रि में मुखबीर की सूचना पर कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल के संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल नया बस स्टैंड के पास जुआ खेलने के चार आरोपी को पकड़ा। जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश व नगदी रकम 54,530 रुपए, 3 नग मोबाईल, दो मोटर साइकिल जब्त कर कार्रवाई की गई।

### आत्महत्या करने किया प्रताड़ित, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** युवती को प्रेम-प्रसंग में फंसाने के बाद उसे निराश कर आत्महत्या करने हेतु विवश करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। मृतिका द्वारा अपने हस्तलिखित सुसाइडल नोट मे आरोपी का नाम लिखा था।
पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा एसडीओपी दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव में मर्ग क्र. 98/22 धारा-174 जाफौ की मर्ग डायरी के जांच क्रम में पंचानो व गवाहों का कथन लिया गया। मृतिका के पास से मिले सुसाईडल नोट का परीक्षण क्यूडी शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर से कराया गया। विशेषज्ञ द्वारा सुसाईडल नोट को मृतिका के ही हस्तलिखित होना लेख किया गया है।
**सुसाईडल नोट में था आरोपी का उल्लेख-** पुलिस के अनुसार मृतिका ने अपने सुसाईडल नोट में कोमेश राणा निवासी ग्राम बननवागांव द्वारा ईज्जत के साथ खिलवाड़ करना के संबंध मे लेख किया गया है। मृतिका का शव पीएम एवं गवाहों तथा पंचानों का कथन किया गया है, जांच पर आरोपी कोमेश राणा द्वारा मृतिका को प्रेम-प्रसंग में फंसाकर बाद में उसे निराश कर आत्महत्या करने पर विवश करना पाया गया है, जो कृत्य अपराध धारा-306 भादवि का घटित होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** शहर एवं ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाने वालों एवं नशे में वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।
पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखने, सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने, शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने एवं बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने दिशा-निर्देश दिया गया था।
**65 प्रकरण पर की गई कार्रवाई-** जिसके तहत जिले के समस्त थाना, चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा 3 मार्च को शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु, व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के कुल 65 प्रकरण में 14,100 रुपए जुर्माना कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

### लोस में भाजपा की जीत सुनिश्चित है : जैनम

**राजनांदगांव।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राजनांदगांव लोकसभा से संतोष पांडेय को टिकट देने की दक्षिण मंडल व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जैनम बैद ने सराहना की है। जारी प्रेस नोट में जैनम बैद ने कहा कि कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम सामने आ रहा है, लेकिन भाजपा के खिलाफ चाहे भूपेश बघेल चुनाव लड़े, चाहे कोई और हर हाल में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। श्री बैद ने कहा कि मोदी की गारंटी और सांसद संतोष पांडेय द्वारा किए गए विकास पर जनता मुहर लगाएगी और एक बार फिर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराएगा। श्री बैद ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 242 करोड़ के 38 सड़कों की स्वीकृति मिली है। प्रसाद योजना के तहत देश में चिन्हित 51 स्थानों में से छग से एकमात्र मां बम्लेश्वरी मंदिर का चयन किया गया है। जिसके लिए 43 करोड़ की राशि जारी कर दी गई है। केन्द्र द्वारा राजनांदगांव जिले को आकांक्षी जिला में शामिल कर दूरस्थ व वनांचल के लगभग 400 ग्रामों में जिले के 1500 स्थानों पर सोलर लाइट हेतु 3.50 करोड़ की स्वीकृति मिली है। जिला मुख्यालय के स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र में भी आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए हैं। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के राजनांदगांव सेंटर को अपग्रेड करने हेतु भारतीय खेल प्राधिकरण व खेल मंत्री द्वारा 63 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त की गई है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में साई के पृथक से बालक-बालिकाओं के 100 बेड हास्टल, खेलो इंडिया की बास्केटबाल अकादमी स्वीकृत हो गई है। जैनम ने कहा कि इस बार भी राजनांदगांव लोकसभा की जीत के साथ ही भाजपा पूरी की पूरी सीट जीतकर केंद्र में भाजपा सरकार स्थापित करने में अपना अहम योगदान देगी।

## पेंशनरों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# मांग पूरी नहीं होने पर लोकसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर्स महासभा द्वारा राजनांदगांव शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने ध्यान आकर्षण प्रदर्शन करते अपनी दो सूत्रीय मांगों से छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री को अवगत कराया है और जल्द से जल्द मांग पूरी करने की गुहार लगाई है। वहीं मांग पूरी नहीं होने पर आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार को लेकर चेतावनी दी है।

छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर्स महासभा ने राजनांदगांव कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने ध्यान आकर्षण प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी दो सूत्रीय मांगों को पूरा करने को लेकर गुहार लगाई है। वहीं मांगे पूरी नहीं होने पर आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी है।



### उग्र आंदोलन का अल्टीमेटम

प्रदर्शन के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर महासभा के जिला अध्यक्ष आईसी श्रीवास्तव ने कहा कि लंबे समय से हम 4 प्रतिशत महंगाई राहत की मांग कर रहे हैं, लेकिन हमारी मांगे पूरी नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि मांगे पूरी नहीं की गई तो हम लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

### चार फीसदी महंगाई भत्ते की मांग

ध्यान आकर्षण धरना प्रदर्शन के दौरान पेंशनरों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार द्वारा 2023 से घोषित 4 प्रतिशत महंगाई राहत की किस्त एरिया सहित भुगतान हेतु तत्काल आदेश जारी करने और मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित कर 23 वर्षों से महंगाई राहत अथवा स्वात्वों के भुगतान हेतु दोनों राज्यों के बीच बजट आबंटन की सहमति की बाध्यता को समाप्त करने की मांग रखी है। इस दौरान पेंशनरों ने नारेबाजी करते कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर अपनी इन दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा है।

## दहेज मृत्यु के प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने से एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीमती पुष्पा साहू का विवाह आरोपी श्रीराम साहू से वर्ष 2017 में अप्रैल माह रामनवमी के दिन हुई थी। शादी के बाद से आरोपीगण द्वारा मिलकर पुष्पा साहू को दहेज में फ्रीज व मोटर साइकिल नहीं लाए हो कहकर मारपीट कर प्रताडित करते थे। जिसके कारण पुष्पा साहू अपने मायके दो बार भागकर चली गई, जहां समाज प्रमुख व मायके वाले के समझाने पर वापस ससुराल आने के बाद पुनः आरोपीगण उसके पति श्रीराम साहू, देवर भूपेश साहू, ससुर नंदलाल साहू, सास पार्वती साहू द्वारा लगातार मारपीट कर प्रताडित करने के कारण परेशान होकर अपने ससुराल खैरबना के कमरे के पंखा में साड़ी का फंदा लगाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच पश्चात आरोपियों के विरूद्ध धारा 304-बी, 498-क(ख), 34 भादसं, 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी श्रीराम साहू पिता नंदलाल साहू 28 साल, भूपेश साहू पिता नंदलाल साहू 26 साल, नंदलाल साहू पिता परसादी साहू 53 साल, श्रीमती पार्वती साहू पति नंदलाल साहू 50 साल साकिनान खैरबना को आज 4 मार्च को गिरफ्तार किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।


# भजन गायक देंगे भजनों की प्रस्तुति

■ आज शिवरात्रि पर्व का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हेमू कालानी नगर स्थित शिव सेवा मंडल द्वारा सनातन धर्म की परंपरा के निर्वहन के लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में प्रतिवर्ष शिवरात्रि को भव्य अंदाज में मनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

शिव सेवा मंडल के सेवादार आवतराम तेजवानी ने बताया कि इस वर्ष कल 5 मार्च को चक्करभाटा के भजन गायकों द्वारा शिव भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। 6 मार्च को भगवान लाल बागेश्वर महादेव एवं माता पार्वती का फूलों एवं इत्रो से हल्दी पूजन किया जाएगा। 7 मार्च को महाकाल पार्थिव शिवलिंग का भव्य अभिषेक आचार्य मंडल द्वारा मंत्रोचार विधि एवं संगीत में भजनों से पूजन किया जाएगा।



रात्रि 7 बजे से महाआरती होगी। तत्पश्चात 56 भोग लगाया जाएगा। संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की बहनों द्वारा भी संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 7 बजे महाकाल की पालकी एवं साथ में महाराष्ट्र से आए श्याम बाबा नंदी पर सवार होकर भोलेनाथ की बैंड बाजों एवं झांज व डमरू नृत्य के साथ लालबाग भ्रमण करते महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

इस अवसर पर भक्तगण माता को वस्त्र एवं श्रृंगार एवं छप्पन भोग लगाकर माता से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में महिलाओं को लाल

### 8 को निकलेगी शिवजी की भव्य बारात

शिव सेवा मंडल के हरीराम तेजवानी ने बताया की 8 मार्च को भगवान लालबाग महादेव की भव्य बारात लाइटिंग रथ एवं भव्य आतिशबाजी के साथ शिव भक्तों के साथ निकाली जाएगी। जिसमें रात्रि 9 बजे काशी विश्वनाथ नगरी के कलाकारों द्वारा भूत-प्रेतों के साथ नृत्य का कार्यक्रम व अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा। शिव सेवा मंडल के अनिल तेजवानी, विनोद लुल्ला, राजेश तेजवानी, दिनेश तेजवानी, अर्जुन वाधवानी एवं आसार जुमनानी आयोजन को सफल बनाने जुटे हुए हैं।

## गौरवपथ और वार्ड के मुख्य मार्ग का हो डामरीकरण - शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजीव नगर वार्ड क्र. 42 के पार्षद ऋषि शास्त्री ने जनचौपाल में आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर शहर के गौरवपथ मार्ग एवं श्रमिक वार्ड के मुख्य मार्गों के डामरीकरण कराए जाने की मांग की है।

पार्षद शास्त्री ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में जिन मार्गों में डामरीकरण की अधिक जरूरत है, उन्हें प्राथमिता देते डामरीकरण कराया जाना चाहिए। ऐसे कई मार्ग हैं, जहां लगातार डामरीकरण का काम समय-समय में होता आया है, परन्तु लगातार शिकायत के बाद भी श्रमिक बस्ती के मुख्य मार्ग



डामरीकरण कार्य से वंचित रह जाते हैं। पार्षद ने अधिकारियों की निष्पक्षता दर्ज कराने आयुक्त को नगरवासियों एवं वार्डवासियों की आवागमन की सुविधा को सुगम बनाने राजीव नगर के कई प्रमुख मार्ग को आवश्यकता अनुरूप डामरीकरण कराए जाने को लेकर ध्यानाकर्षण कराया है।

## वीडियो निगरानी टीम का गठन

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु विधानसभावार वीडियो निगरानी टीम का गठन किया गया है।

प्रत्येक वीडियो निगरानी दल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी के व्यय से संबंधित सभी वाहनों, घटनाओं, पोस्टरों, कट-आउट, राजनैतिक सभा, रैली की वीडियो सूटिंग करेगी।


प्रत्येक वीडियो निगरानी दल लोकसभा निर्वाचन के दौरान प्रत्येक दिन अनुलग्नक-ख 15 के साथ में दिए गए प्रोफार्मा में एक संकेत पत्र (क्यू शीट) रिकार्ड की गई सीडी के साथ वीडियो अवलोकन टीम को भेजना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक दल के साथ एक वीडियोग्राफर साथ रहेंगे।

**आवश्यकता है**
राजनांदगांव गंजलाइन हाटबाजार स्थित मेश्राम गैरेज डेली सर्विस में काम करने के लिए मुनीम हेतु एक युवक की आवश्यकता है
**सैलरी 7000 से 8000 रूपए**
रविवार अवकाश
- सम्पर्क करें -
9617747909 ,
7803937880,
9425299705










## पृष्ठ 13 का शेष

### गुम मोबाईल खोजकर...

सहायता के माध्यम से ढूंढकर 4 मार्च को मोबाईल धारकों को लौटाया गया। पुलिस की कार्रवाई से मोबाईल धारकों को उनका मोबाईल मिल जाने से सभी ने खुशी जाहिर करते थाना कोतवाली पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया। पुलिस के अनुसार आगे भी गुम मोबाईल की पता तलाश निरंतर जारी रहेगी।

### क्षेत्रीय सरस मेले में समूह की दीदी कर रही व्यापार, बच्चों के लिए झूले और अन्य मनोरंजन के साधन

# सरल मेले ने समूह की दीदियों को लखपति बनाने का रास्ता दिखाया: जसविंदर बग्गा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा पीजी कॉलेज मैदान में आयेजित दस दिवसीय क्षेत्रीय सरस मेला छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा यह दस दिवसीय सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। सरस मेले के सातवें दिन के मुख्य अतिथि जसविंदर बग्गा ने संबोधित करते हुए कवर्धा के इतिहास में पहली बार दस दिवसीय सरस मेले के ऐतिहासिक और भव्य आयोजन के लिए पूरे जिले की तरफ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित राष्ट्र, विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री के संकल्पों को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और उपमुख्यमंत्री अरूण साव के नेतृत्व में राज्य सरकार कदम बढ़ा दिया है।

उन्होने कहां कि प्रधानमंत्री ने देश सहित हमारे छत्तीसगढ़ की महिला स्वसहायता समूहों को लखपति बनाने को भी अह्वान किया। सरस मेले के सातवें दिन के मुख्यअतिथि के रूप में नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता जसविंदर बग्गा, सतविंदर पाहुजा, श्रीमती सविता ठाकुर, श्रीमती संतोषी जायसवाल, रवि राजपुत, खिलेश्वर साहू, रधुनाथ योगी, पन्ना चन्द्रवंशी, जितेन्द्र दुबे, सुनिल दोशी, मोती बैगा, बलविंदर सिंह खनुजा, राजेन्द्र सलुजा सहित अन्य समाजसेवी विशेष रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन अभिषेक पाडेय और श्रीमती मीरा देवागंन ने किया।



#### लखपति बनाने का मार्ग दिखाया

महिला स्व सहायता समूहों को उनके द्वारा उत्पाद समाग्रियों को कैसे समूचित बाजार उपलब्ध कराया जाए, इस दिशा में काम करने के लिए कहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सरस मेला का यह आयोजन प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने की दिशा में भी सार्थक साबित होते दिखाई दे रही है। उन्होने कहा कि सरस मेले में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में काम करने वाली महिला स्व सहायता समूह की दीदियों को आमंत्रित कर उन्हे एक मंच और बाजार उपलब्ध कराने का काम छत्तीसगढ़ की सरकार कर रही हैं, यह काम निःसंदेह ऐसी दीदियों को लखपति बनाने यह सरस मेला एक मार्ग दिखाया जा है।

# कृषि पंप कनेक्शनों में पर्याप्त क्षमता के कैपेसिटर लगाएं, विद्युत विभाग की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा


जिले के विद्युत विभाग द्वारा सभी कृषि पंप उपभोक्ताओं से अपने कनेक्शनों में पर्याप्त क्षमता के अनुसार अनिवार्य रूप से कैपेसिटर लगाकर कंपनी को सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता जीएस फ्लोरा ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रबी फसल में सिंचाई के लिए पानी की अत्यधिक आवश्यकता के कारण कृषि पंपो के लगातार उपयोग से लोड असीमित रूप से बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रो में गंभीर है, जहां पंप कनेक्शनों की बहुतायत है। सभी विद्युत पंपो में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। कैपेसिटर नही लगाए जाने से वोल्टेज ड्राप होता हैं तथा मोटर अधिक करंट लेती है, जिससे मोटर की पानी निकालने की क्षमता कम हो जाती है एवं जलने की संभावना भी बढ़ जाती है।

इसके अलावा कुछ पंपो से डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ता है। कई वितरण ट्रांसफार्मर से 11 केव्ही लाइनों पर फिर 33/11 केव्ही उपकेंद्रो पर तथा 33 केव्ही लाइनो पर लोड बढ़ता हैं, इस प्रकार पूरे ट्रांसमिशन सिस्टम पर भार बढ़ता है, जिससे अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है। इस स्थिति में न सिर्फ विद्युत कंपनी बल्कि सभी कृषको, राज्य तथा राष्ट्र को क्षति होती है। इस समस्या के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है, जैसे नए उपकेंन्द्र की स्थापना, अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मरो की स्थापना ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंक की स्थापना। लेकिन सभी कृषकों के सहयोग के बिना स्थिति को सुधार पाना संभव नहीं हैं।

अतः विभाग के द्वारा सभी कृषकों से अपने पंप ट्यूबवेल कनेक्शन में पर्याप्त क्षमता का कैपिसिटर लगाने अपील गई। विद्युत विभाग के द्वारा पंप की क्षमता एवं उसमें लगायें जाने वाले कैपेसिटर की भी जानकारी दी गई हैं जिसके अनुसार 0 से 3 एचपी तक 1 केवीएआर, 3 से 5 एचपी तक 2 केवीएआर, 5 से 7.50 एचपी तक 3 केवीएआर और 7.50 केवीएआर से 10 एचपी तक 4 केवीएआर का कैपेसिटर अनिवार्य रूप से लगाने कि बात की गई।

## शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों का कब्जा



**हरिभूमि कोलेगांव।** जानवरों की कुछ प्रजातियों के साथ मनुष्य की आत्मीयता होती है, शायद यही वजह है कि कुत्ता व बंदर हमेशा से मानव जीवन का एक हिस्सा रहे हैं। वहीं हाल ही में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी संख्या में बढ़ता जा रहा है और इनकी तादाद इतनी बढ़ गई है कि मानव सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो गया है। कुत्ते व बंदर के काटने से मानव के लिए घातक व अन्य संबंधित बीमारियों होती है, पालतु कुत्ते व बंदर इंसानों के मददगार साबित हो रहे हैं या मुसीबत बन गए हैं, वर्तमान बंदरों से प्यार जताया या गुस्सा? शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जहां प्राकृतिक भोजन उपलब्ध नहीं है, वहां बंदर पूरी तरह से लोगों से मिलने वाले खाने पिने और घरों में घुसकर तथा खेत खलिहान में फसल खाने पर निर्भर होते हैं। बंदर का जनसंख्या इतना बढ़ गया है कि अब धीरे-धीरे गांवों में नजर आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज बंदर इंसान की तरह खेत खलिहान सें रबि फसल चना, अरहर, तिवरा व गन्ना खा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों को जमावड़ा महादेव मंदिर के पास है और सुबह से शाम तक देखा जा सकता है और अपना भरण पोषण कर रहें है।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़।** अटल आवास वार्ड 3 की महिलाओं ने रेखा खोबरागड़े के नेतृत्व में गत दिनों विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की समस्याओं का उल्लेख किया गया है। उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सौंदर्यीकरण, बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग विधायक से किया है। विधायक ने जल्द ही मांग पूरा करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान चन्द्रशेखर बोरकर, पूर्व पार्षद प्रभा नागदौने, सीताबाई मेश्राम, अन्नू डोंगरे, ज्योतिका गणवीर, शीला कोटांगले, केमिला बसोड़, सविता जनबंधु, अनिता राजपूत, कंचना कोटागले, ममता गजभिए, योगेश्वरी सांगोड़े, सोनाली बंसोड़, कांता बागड़े, नेहा डाहाट सहित अन्य उपस्थित थी।

### बच्चों को खिलाया पौष्टिक आहार

**डोंगरगांव।** जनसहयोग से स्कूली बच्चों को पोषक आहार मुहैया कराने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए नेवता भोज के तहत प्राथमिक शाला सुखरी में सोमवार को खाना खिलाया गया। ग्राम के हीरेन्द्र उके ने अपने बच्चे के जन्मदिन को शाला के अन्य बच्चों के साथ मनाते हुए खीर पुड़ी खिलाया। इसी प्रकार ग्राम की संगीता रोशन धनकर ने बिस्किट, शिक्षिक सरस्वती साहू ने खजूर,ओमप्रकाश निषाद, अमृतलाल साहू ने अंगूर और गोकुल उमा साहू ने केला का वितरण किया। इस मौके पर प्रधानपाठक सपना भारतद्वाज, शिक्षिक गिरजा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में सहभागी बने।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में बावातालाब टीम विजयी

## खिलाड़ी को खेल भावना से खेलना चाहिए: वाल्मिकी वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्राम पंचायत रेंगाखर जंगल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बावातालाब व रेंगाखार जंगल के बीच फाइनल मुकाबतला खेला गया। जिस पर बावातालाब टीम के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 128 रन का लक्ष्य दिया। वहीं लक्ष्य का पीछे करते हुए रेंगाखार टीम की खिलाड़ियों नें 6 ओवर में 79 ही रन ही बना पाए, जिस पर बावातालाब शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला में विजयी रहें वहीं विजयी बावातालाब टीम को प्रथम पुरस्कार 15001 व शील्ड तथा द्वितीय पुरस्कार 7500 रेंगाखार जंगल की टीम को दिया गया। जनपद पंचायत बोड़ला अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभाती मरकाम ने कहा कि खिलाड़ी को उत्साह उमंग ऊर्जा के साथ खेल भावना से खेलना चाहिए। हमेशा नदी की धार की तरह बहते रहना चाहिए अर्थात सतत अभ्यास करते रहना चाहिए, जीत एक दिन जरूर मिलेगी। वहीं अध्यक्ष युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि खेल हमारे दैनिक जीवन एवं स्वास्थ्य से जुड़ा रहता है, हर प्रकार से शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। जिस तरीके से एक सिक्के के दो पहलू होते हैं एक हार और दूसरा जीत, जीत से हमको खुशियां मिलती है और हार से हमको सिखाने की जरूरत होती है। वहीं अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फिल्डर, मैन ऑफ द मैच के रूप में शील्ड भेटकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम क्रिकेट प्रतियोगिता समापन समारोह में वन परिक्षेत्र अधिकारी विजेन्द्र तिवारी, जनपद प्रीतिनिध लेखराम पंचेश्वर, पूर्व प्राचार्य मदन कश्यप, फगन सिंह मरावी, पूर्व एसआई अमर सिंह खुसरे, तानसेन चौधरी, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश पटेल, चंद्रशेखर नागराज एवं ग्रामवासी सहित खिलाड़ी गण उपस्थित थें।

# सरस मेला में रंगारंग कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों की सजेंगी महफिल

■ छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार राजेश अवस्थी नाइट और अजय पाण्डेय के सुगम संगीत सहित क्षेत्रीय कलाकार बिखेरेंगे अपने रंग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा स्थित पीजी कॉलेज मैदान में पहली बार 26 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित क्षेत्रीय सरस मेला में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों की महिला स्व सहायता समूह द्वारा लगाए गए उत्पादों के स्टॉल ने लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया है। इसी क्रम में 5 एवं 6 मार्च को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जिलेवासियों को देखने को मिलेंगे।

जिसमें 5 मार्च को स्वामी आत्मानंद विद्यालय अंग्रेजी माध्यम कवर्धा के छात्र छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा और साथ में चैतन्य साहू, शरीफ खान, मानस साहू एवं सुश्री वर्षा साहू द्वारा केरोके के माध्यम से लोकगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। लोक कला मंच सुरता के आंसू के तहत नेवारी के योगेन्द्र मयारू और टीम द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी।



रामखिलावन लंझेरकर द्वारा सूफी गायन प्रस्तुत किया जाएगा। इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के अजय पाण्डेय द्वारा लोक संगीत सुगम संगीत कत्थक एवं योग नृत्य सहित अपनी प्रस्तुति देंगे।

क्षेत्रीय सरस मेला के समापन अवसर पर 6 मार्च को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाश नगर द्वारा छत्तीसगढ़ लोकगीत रीमिक्स प्रस्तुत किया जाएगा इसके साथ ही गुरूदास मानिकपुरी के लोकमंच द्वारा लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध फिल्म स्टार राजेश अवस्थी के कार्यक्रम का आयोजन होगा। राजेश अवस्थी स्टार नाइट के माध्यम से लोक संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

राजेश अवस्थी ने मया 2 और टूरा चायवाला जैसी फिल्मों से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने विभिन्न हिंदी सीरियल, हिंदी फिल्म, ओड़िया, भोजपुरी सहित अनेक भाषाओं में भी काम किया है। अभी हाल ही में जी 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म में उनकी एक हिंदी फिल्म जिसमें जॉनी लीवर के साथ उनकी प्रमुख भूमिका है रिलीज हुई है। राजेश अवस्थी लोक गायक भी हैं एवं भाजपा सरकार में वह फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष रह चुके हैं। अवस्थी द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख उत्सव महोत्सव में प्रदर्शन कर ख्याति प्राप्त किए हैं। राज्य से बाहर भी उनके कला को सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया गया है।

सरस मेला के समापन अवसर पर सभी के मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है जोकि राजेश अवस्थी स्टार नाइट के नाम से होता है और वहा अपनी पूरी टीम के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## आपराधिक गतिविधियों पर लोहारा पुलिस की लगातार प्रभावी कार्रवाई



**हरिभूमि कवर्धा।** सहसपुर लोहारा पुलिस नें आरोपी के विरूद्ध अपराधिक गतिविधियो पर प्रभावी कार्यवाही जारी है जिसमें प्रार्थी भिखारी राम ध्रुवें निवासी सोनपुरी द्वारा सहसपुर लोहारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 फरवरी को सेवा सहकारी समिति बैंक सहसपुर लोहारा धान का पैसा निकालने के पश्चात घरेलु कार्य के लिए बैंक से बाहर निकल रहा था उसी समय एक अज्ञात आरोपी द्वारा पैसा के बंडल मे कुछ पैसा कटा-फटा है व पैसा के बंडल में 43 हजार रूपए से 17 हजार रूपए को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिर्पोट पर सहसपुर लोहारा मे अपराध क्रमांक 53/24 धारा 379 का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा थाना प्रभारी विकास बघेल को आरोपी की पतासाजी के लिए टीम गठीतकर सीसी टीवी फुटेज के आधार एवं साईबर सेल शाखा कवर्धा के मदद से आरोपी के मिलने के संभावित स्थानो मे लगातार पतासाजी किया जा रहा था जिसे शनिवार को नगर निगम के सामने गौरवपथ दुर्ग से आरोपी अख्तर अली पिता सौकत अली आयु 51 वर्ष नगर निगम के सामने गौरव पथ दुर्ग थाना कोतवाली जिला दुर्ग से पहचान कर उसके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त वाहन मोटर सायकल युनीकार्न क्रमांक सीजी 07 एलयू 4220 एवं 10 हजार रूपए जब्तकर जेल भेजा गया।

# मवेशी तस्करी करने के फिराक में तीन आरोपियों को कुई कुकदूर पुलिस ने धर-दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

कुई कुकदूर पुलिस ने 14 नग अवैध तौर से मवेशी भरकर कत्लखाना ले जाने पशु तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए ट्रफ क्रमांक यूपी 78 बीटी 9215 को जप्त किया है।

इस मामले में थाना कुई कुकदुर पुलिस नें अपराध क्रमांक 57/23 धारा छत्तीसगढ़. पशु परिक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 व मो.ही. एक्ट 1988 की धारा 66/192, 146/196 एवं 34 व अज्ञात आरोपी द्वारा घटना 26 जुलाई 2023 को ट्रफ क्रमांक यूपी 78 बीटी 9215 में 14 नग अवैध तौर से मवेशी भरकर कत्लखाना ले जाने परिवहन करते तथा उक्त ट्रक के सामने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेई 5906 के चालक द्वारा रास्ता दिखाते रेकी करते आरोपी को पुलिस की घेराबंदी देखकर ग्राम रोखनी जंगल पास ट्रक एवं मोटर सायकल को छोड़कर रात के अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर फरार आरोपियो को लगातार पता तलाश कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव व थाना प्रभारी ब्यास नारायण चुरेन्द्र द्वारा थाना स्तर पर फरार आरोपियों की पतासाजी करने विवेचना अधिकारी शिवेन्द्र मोहन उपाध्याय, मनोज तिवारी, ओंकार सिंह एवं संदीप पाण्डेय को फरार आरोपियों की पतासाजी पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को पकड़ने हेतु जाल बिछाया गया था।



जिस पर से 03 मार्च 2023 को फरार आरोपियों द्वारा पुनः मवेशी तस्करी के लिए ग्राम बैजलपुर-अंबरीकछार में विश्वसनीय मुखबिर के सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा ग्राम बैजलपुर-अंबरीफछार में आरोपी इस्माइल अली पिता इब्बार अली 36 वर्ष निवासी बेलखेडा जिला जबलपुर, मोहम्मद इमरान उर्फ कल्लू पिता मोहम्मद राजू आयु 24 वर्ष निवासी ठक्कर ग्राम बार्ड जबलपुर व शेख अहमद उर्फ गुड्डा पठान पिता शेरू मोहम्मद आयु 44 वर्ष निवासी अंथरीकछार थाना तरेगांव जंगल जिला कबीरधाम जो पुनः मवेशी तस्करी के फिराक में ग्राम बैजलपुर पहुंचे थे जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ में 26 जुलाई 2023 की रात्रि में ट्रक क्रमांक यूपी 78 बीटी 9215 में 14 नग अवैध तौर से मवेशी भरकर कत्लखाना ले जाने परिवहन करना तथा जप्तशुदा मोटर सायकल से ट्रक के सामने सामने रास्ता विखाते रेकी करना अपराध घटना करना स्वीकार किए जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, उक्त कार्यवाही में कुई कुकदूर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### न्यायालय तहसीलदार, कुण्डा, जिला-कबीरधाम (छ०ग०)

**// ईश्तहार //**

ग्राम-पलानसरी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार आ. श्री रामनारायण जाति कुर्मी निवासी ग्राम पलानसरी तहसील कुण्डा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने माता-कमला चन्द्रवंशी/पति रामनारायण की मृत्यु दिनांक 19/05/2018 को ग्राम पलानसरी में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण प्रदान प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ चालान, की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 12/03/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

मुहर

तहसीलदार कुण्डा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

### हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

# सांसद ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी बनने के बाद सोमवार को ग्राम पंचायत सड़क अतरिया में सांसद संतोष पांड़े का आगमन हुआ। ग्रामीणों ने गर्मजोशी से श्री पांड़े का स्वागत किया। सांसद पांड़े ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर सांसद ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं का कल्याण करने वाली पार्टी है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खातें में पहली किस्त जमा हो जाएगी।

वही आगामी 12 मार्च को धान की अंतर राशि किसानों के खातें में जमा हो जाएगी। इस मौके पर सांसद पांड़े ने पांच लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड़ का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, खम्हन ताम्रकार, नेतराम जंघेल, लोमश वैष्णव, राधेमोहन वैष्णव, महेश जैन, अश्वनी वैष्णव, रतीराम जंघेल, गजराज जंघेल, मनोज जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, बसंत जंघेल आदि उपस्थित थे।



पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

ज्योतिषी

बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।

पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

## खबर संक्षेप

### मां विंध्यवासिनी मंदिर समिति ने बांटे उपहार

**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में कवर्धा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह में 290 जोडे को मंदिर समिति द्वारा साडी एवं बर्तन सेट को कन्यादान के रुप में प्रदान किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष धनसुख पटेल, लालजी चंद्रवंशी, आत्मानंद गुप्ता, भरतलाल केशरी, पतीराम साहू एवं अन्य सदस्यगणें ने उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान किया। विदित है कि समिति धार्मिक कार्य के अतिरिक्त समय-समय पर सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करती है।

### सरस मेला में लोगों ने की जमकर की खरीदी

**कवर्धा।** कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में 26 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित क्षेत्रीय सरस मेला में कबीरधाम जिलावासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर सरस मेला से स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की अच्छी खरीददारी की साथ ही फ़ूड कोर्ट में छत्तीसगढ़ व्यंजनों के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आंनद भी लिया। शनिवार के दिन लोग परिवार के साथ मेले में विजिट करने आये और सभी ने स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की बम्पर ख़रीददारी भी गई। सरस मेले मे अब तक 37 लाख 17 हजार 609 रुपये की बिक्री हो चुकी है। जिससे समूहों की महिलाओं के चेहरों पर खुशियो की झलक दिखाई दी है। सरस मेले में छत्तीसगढ़ के अच्छे उत्पादों के साथ साथ अन्य राज्यो एवं कलाकारों के उत्पादों को देखने एवं खरीदने का यह एक अच्छा अवसर है।

### बच्चों के लिए प्रोत्साहन राशि जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ शासन के श्रम विभाग के हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना और मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में 11 करोड़ 32 लाख 64 हजार 807 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में हितग्राही के प्रथम दो बच्चों को कक्षा पहली से उच्च कक्षाओं के लिए एक हजार से दस हजार रुपए दिए जाने का प्रावधान है। बताया गया कि इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित श्रम विभाग के कार्यालय या श्रमेव जयते मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

# प्रत्याशी घोषित होने के बाद कवर्धा पहुंचे सांसद संतोष पाण्डेय का भव्य स्वागत

- निकाली गई रैली, सांसद का किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भाजपा की राष्ट्रीय लोकसभा प्रत्याशी चयन समिति द्वारा एक बार फिर राजनांदगांव लोकसभा सीट से सांसद संतोष पाण्डेय को भाजपा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद वे सोमवार को पहली मर्तवा कवर्धा पहुंचे। श्री पाण्डेय के कवर्धा पहुंचने पर जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ ही भाजयुमो ने कवर्धा नगर में रायपुर मार्ग स्थित नहर के पास से बाइक रैली निकालकर उनका गाजे, बाजे, आतिशी धमाकों तथा फूल, मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान राजनांदगांव लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सांसद संतोष पाण्डेय एक खुले वाहन में नगरवासियों का अभिवादन करते हुए चल रहे थे। वहीं सांसद का काफिला ठाकुरदेव चौक पहुंचने पर भाजपा एवं महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सांसद संतोष पाण्डेय का विशाल काफिला जिला भाजपा कार्यालय पहुंचा। यहां भी उनका आत्मीय स्वागत किया गया तथा भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें दूसरी बार राजनांदगांव लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किए जाने पर बधाई दी।

### चार सौ पार में होगी राजनांदगांव लोकसभा की एक सीट शामिलः संतोष पाण्डेय





भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार कवर्धा पहुंचे सांसद संतोष पाण्डेय ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन पर जो दूसरी बार भरोसा जताया है मैं उनका आभारी हूं। उन्होने कहा कि हम मोदी सरकार द्वारा अपने दस सालो के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यो को लेकर चुनावीरण में उतरेंगे और जनसमर्थन से जीत हांसिल करेंगे। उन्होने कहा कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की राजनांदगांव लोकसभा की आठ में से पांच में कांग्रेस काबिज है। उन्होने कहा कि इससे पूर्व के लोकसभा में तो आठ में से भाजपा के पास सिर्फ एक विधानसभा सीट थी तब भी भाजपा ने लोकसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज की थी। श्री पाण्डेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय मद्दों पर लड़ा जाता है और जिस ढंग से बीते पांच सालों में राजनांदगांव लोकसभा में विकास कार्य स्वीकृत हुए उससे लोगों का भरोसा भाजपा के प्रति बढ़ा है, पूरे देश में मोदी तथा भाजपा की लहर है जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा। उन्होने टिकट वितरण के बाद भाजपा खेमे में नाराजगी को नकारते हुए कहा कि ये भाजपा है यहां सब कुछ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होता है। टिकट मांगने का हक सभी को है, कहीं कोई नाराजगी नहीं है हम सब मिलकर चुनाव लड़ेगे और मोदी सरकार के नारे 400 पार को पूरा करेंगे। जिसमें एक सीट राजनांदगांव लोकसभा की भी होगी।

**हादसा:** पंडरिया-बजाग मार्ग में स्थित हनुमत खोल में घटी घटना

# बारातियों से खचाखच भरी बस खाई में गिरी, 6 बाराती घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/कुकदुर

जिले से गुंजरने वाले पंडरिया-बाजक राजकीय मार्ग में सोमवार को एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। यहां बारातियों से खचाखच भरी एक तेज रफ्तार बस ब्रेक फेल हो जाने के कारण हनुमत खोल की करीब 20 खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में बस सवार आधा दर्ज लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर मुंगेली जिले की लोरमी तहसील अंतर्गत ग्राम चन्द्रपुर से बारात लेकर मध्यप्रदेश के शहडोल जाने के लिए निकली प्रयागराज ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 09 जेए 5297 दोपहर करीब 3 बजे के करीब पंडरिया होते हुए बजाग मार्ग में जैसे ही हनुमत खोल चाटा गांव के मोड़ पास पहुंची तेज रफ्तार बस का ब्रेक फेल हो गया और बस चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई। चालक द्वारा बस को नियंत्रित करने का काफी प्रयास किया गया लेकिन अंतः बस सड़क से उतरकर करीब 20 फीट नीचे खाई में चली गई। इसे गनीमत ही कहें की बीस फीट नीचे खाई में उतरने के बाद बस एक पेड़ से टकरागई और रूक गई। बताया जाता है कि दुर्घटना के वक्त बस में करीब 60 लोग सवार थे। जिसमें महिला, पुरूष के अलावा बच्चे भी शामिल थे। दुर्घटना के बाद मौके पर घायलों की चीख पुकार मच गई और वे मदद के लिए गुहार लगाने लगे। जिसे सुनकर राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मसक्कत के बाद करीब 20 फीट खाई में उतरकर घायलों को निकाला और उन्हें स्वास्थ्य विभाग के अमले की मदद से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।





### कोई बाराती गंभीर नहीं

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया-बजाग मार्ग में ग्राम चांटा मोड़ के पास बस का ब्रेक फेल होने से हुए इस हादसे में बस सवार आधा दर्जन बाराती घायल है। जिसमें कुश सिंह राजपूत पिता दीपक सिंह ग्राम झाफल, कन्हैया सिंह पिता शिव बालक राजपूत ग्राम सुकली, गोरे सिंह राजपूत ग्राम झाफल, बलवंत सिंह राजपूत लोरमी, टेकलाल राजपूत, संतोष राजपूत लोरमी शामिल हैं। इस सभी को उपचार के लिए कुकदुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां चिकित्सकों ने घायलों की जांच के बाद बताया कि किसी को गंभीर चोट नहीं है प्राथमिक उपचार तथा मरहम पट्टी के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई है।

### दो दिन पहले गिरी थी कार

यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया-बजाग मार्ग सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। इस मार्ग में आए दिन छोटे बड़े सड़क हादसे होते ही रहते हैं। अभी 2 मार्च को ही आयोध्या से लौट रही एक तेज रफ्तार कार सुबह-सुबह चालक को झपकी आ जाने के कारण हनुमत खोल की खाई में जा गिरी थी। जिसमें सुकमा जिले की निवासी तीन महिला सहित कार चालक घायल हो गए थे।



# पेड़ से टकराई आईसर एक की मौत, एक घायल

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे शामिल

- तेज रफ्तार के चलते हादसा, नहीं थम रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत दिल्ली से विशाखापट्टनम जा रही आईसर वाहन के पेड़ से टकरा जाने से वाहन सवार परिचालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह मार्ग एनएच 30 रायपुर-जबलपुर स्थित ग्राम पागवाही के पास की है। घटना के संबंध में चिल्फी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 10.30 बजे दिल्ली से विशाखापट्टनम लोहे का सामान भरकर आयशर वाहन क्रमांक यूपीएफटी 80-9780 जा रही थी। इसी दौरान वाहन चालक ऋषिकेश राठौर पिता राजाराम राठौर निवासी मुरैना के बताए अनुसार बारिश के चलते वाहन अनियंत्रित होगई और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस भीषण सड़क हादसे में वाहन सवार परिचालक सोनू राठौर पिता राजेश राठौर आयु 25 वर्ष निवासी मुरैना की घटनास्थल पर ही सिर पर गंभीर चोट आने से मौत हो गई। बाद में घटना की जानकारी चिल्फी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### दो टुकड़ा हुआ पेड़, वाहन के उड़े परखच्चे

ग्राम पागवाही के पास हुई सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार आईसर वाहन पेड़ से इतनी जोर से टकराई कि पेड़ के दो टुकड़े हो गए हैं। वहीं वाहन के परखच्चे उड़ गए। मौके पर वाहन तथा पेड़ की हालत को देखकर वाहन की रफ्तार का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रत्यक्षदर्शी राजेश रजक, निखिल जयसवाल ने बताया कि घटनास्थल को देखकर लगता है आईसर की गति इतनी अधिक थी कि पेड़ से आईसर के टकराने से पेड़ जड़ से उखड़ गया और दो भाग में टूट गया। घटना स्थल में ही परिचालक की मौत हो गई जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है।


# बोड़ला अस्पताल में आयुष्मान प्रोत्साहन राशि में भारी अनियमितता का आरोप

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारियों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में पदस्थ खण्ड चिकित्सा अधिकारी पर आयुष्मान प्रोत्साहन राशि में भेदभाव पूर्ण अनियमित भुगतान करने का आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम से मामले की जांच कराए जाने तथा दो अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस संबंध में चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बोड़ला डॉ. गोपेश्वर चन्द्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 29 जनवरी 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला, जिला कबीरधाम के समस्त अधिकारी/कर्मचारी को आयुष्मान प्रोत्साहन राशि का वितरण भेदभाव पूर्ण कम ज्यादा भूगतान कर गंभीर वित्तीय अनियमितता की गई है। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोडला के चिकित्सक और स्टाफ आक्रोशित है। उन्होने बताया कि खण्ड चिकित्सा अधिकारी से जब इस अनियमितता एवं भेदभाव ढंग से राशि वितरण के संबंध में सवाल किया गया तो उन्होने न तो कोई संतोषजनक जवाब दिया और न ही राशि भुगतान से संबंधित दस्तावेज ही दिखाया गया। लेकिन जब मजबूरन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारीयों द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पूर्ण भुगतान कि राशि की जानकारी का विवरण राज्य नोडल एजेंसी रायपुर से मांगा गया है तो राशि वितरण में की गई भारी अनियमितता उजागर हो गई। अब विभागीय अधिकारियों ने इस मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से करते हुए मामले की जांच कराए जाने तथा दोषी अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### छीरपानी में छात्रों को कराया गया न्योता भोज



**कोदवागोड़ान।** समीपस्थ ग्राम छीरपानी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्यौता भोजन आह्वान के तहत ग्राम के वरिष्ठ नागरिक संतोष साहू के सुपुत्र एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के सोशल मीडिया प्रभारी योगेन्द्र साहू द्वारा अपने जन्म दिवस के अवसर पर समस्त छात्र छात्राओं और शिक्षकों को भोजन कराया गया। श्री साहू ने आज शाला परिवार के साथ अपना जन्म दिन मनाया और बच्चों का मुंह मीठा भी कराया! इस अवसर पर छात्र छात्राओं में काफी उत्साह और खुशी देखी गई। शाला परिवार की ओर से श्री साहू को हार्दिक बधाईयों के साथ शुभकामनाएं दी गई।

### सड़क हादसा...



**चिल्फीघाटी।** चिल्फी घाटी से गुजरने वाले नेशनल हाईवे में रफ्तार का कहर, वाहन के उड़े परखच्चे।

दर्शकों ने देर रात तक नरिंदर पाल के गीतों व लोकनृत्य और नाचा गम्मत का लिया आंनद

# सरस मेले में हर रोज सज रही है गीत-संगीत की महफिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हम तेरे शहर में आए है एक मुशाफिर की तरह.....सिर्फ एक बार मुलाकात का मौका दे दें.... सरस मेले के मंच पर जब सातवे दिन दिलों को छू लेनी वाली सुपरहिट गजल चली तो वहां बैठे दर्शकों ने इस गजल का खुब आनंद लिया। इसके बाद सुफी और अन्य गीतों की महफिल सजती रही। देर रात गुलाबी ठंड में कवर्धा की दर्शकों ने सुफी गानों का आनंद लेत हुए दिखें, तालियों की गढ-गढ़ाहट के बीच छत्तीसगढ़ के मशहुर सुफी गायक नरिंदर पाल ने गीतों-गजलों की श्रृंख्ला का बनाए रखा।

दरअसल कवर्धा के पीजी मैदान में दस दिवसीय सरस मेले का अयोजन हो रहा है। यह आयोजन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से पंचायत एंव ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में हो रहा है। सरस मेला आगामी 6 मार्च तक और चलेगा।

सरस मेले के समापन की तिथी जैसे-जैसी नजदीक आती जा रही है, ठीक वैसी-वैसी सरस मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी जा रही है। कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल द्वारा अतिथि देव भवः की परम्परानुसार सरस मेले के न्योता पर पहुंचे मुख्य अतिथियों और कलाकारों को सम्मान,स्वागत और अभिनंदन किया जा रहा है।

सरस मेले के सातवें दिन जिला प्रशासन के न्योता पर पहुंच छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सुफी गायक नरिंदर पाल सिह निन्दर ने देर सात तक गीत-संगीत और गजलों से दर्शकों को बैठने पर मजबूर कर दिया। सुफी गायक मूलतः बिलासपुर से है। उन्हे बचपन से गीत-संगीत पसंद थी,इसलिए उन्होने गीत-संगीत की दुनिया को ही अपने कैरियर का क्षेत्र चुना है। उन्होने तेरे लक्शे कमर से लेकर पंजाबी भाषा में भी सुपरहिट गीतों की महफिल सजा दी। उन्होने ख्वाजा मेंरे ख्वाजा...... दमादम मस्त कलंदर..... एक जो हल्का......हल्का सुरस है...... जैसे अनेक गीतों से लोगों को आंनदित किया। सरस मेले में इससे पहले भेन्ड्रा नवागांव के लोक कलाकरों ने नाचा गंमत की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया।

वही नवीन कन्या माध्यमिक स्कूल की विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति पर आधार लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर गीत-संगीत की इस श्रृंख्ला को आगे बढ़ाया।

# जनपद सदस्य मीनाक्षी धुर्वे ने किया सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र क्रमांक 23 के जनपद सदस्य मीनाक्षी आसकरण धुर्वे ने सोमवार को अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवारी एवं रेंगाखर खुर्द में जनपद के पंद्रहवें वित्त से 2.65-2.65 लाख रूपए की लाग से नवनिर्मित सांस्कृतिक भवन शीतला मंदिर रेंगाखार खुर्द एवं धान उपार्जन केन्द्र नेवारी सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विजय बाचकर सरपंच ग्राम पंचायत रेंगाखार, नंदराम पाटिल सरपंच ग्राम पंचायत नेवारी, पंचगण रोहित मरकाम, बंशी, परस राम, संतोषी, शबनम, सवाना खान, याकूब खान, बलराम, राकेश, कार्तिक, रामा पटेल, शिवकुमार, कमल डहरिया, मोहन लाल पटेल, सियाराम पटेल, जितेंद्र यादव, राजू कोशरिया, सनत टंडन, खेलन राम मानिकपुरी , रोहित निर्मलकर, राजू निषाद, परदेशी मरकाम, मलराम पटेल, सनत पटेल आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कुंभकरण गोंड पूर्व जनपद सदस्य ने दी।